## भर्ती हेतु सूचना
## परामर्शदाता (तकनीकी) (एनवीबीडीसीपी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम निदेशालय (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**उद्देश्य**

क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान कर, एनवीबीडीसीपी के राष्ट्रीय जेई/एईएस नियंत्रण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना।

**दायित्व**

एनवीबीडीसीपी के प्रशासनिक स्टाफ और अन्य परामर्शदाताओं के साथ निकट सहयोग में कार्य करनाः

i. कार्यक्रम तैयार करने और कार्यक्रम कार्यान्वियन के सभी तकनीकी घटकों विशेषकर नए घटकों में सहायता करना।

ii. यह सुनिश्चित करना कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में और सभी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जेई/एईएस के नियोजन, प्रशिक्षण, सेवा प्रावधान और जांच, पर्यवेक्षण और निगरानी संबंधी कार्यक्रम के मौजूदा दिशा–निर्देश लागू किए जाते हैं।

iii. कार्यक्रम का गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से फील्ड दौरा करना और कार्य स्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त करे कर्मियों सहित संबंधित कर्मचारियों को तकनीकी सहायता प्रदान करना और जिला जेई/एईएस परामर्शदाताओं का सहयोगी पर्यवेक्षण करना।

iv. समय पर डेटा विश्लेषण, प्रस्तुति और व्याख्या सुनिश्चित करना।

v. जेई/एईएस नियंत्रण की रसद पर नज़र रखना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्टॉक खत्म नहीं होता है।

vi. जेई/एईएस के नियंत्रण हेतु जिला योजनाएं बनाने के लिए राज्य कार्यक्रम अधिकारी (एसपीओ) को तकनीकी सहयोग प्रदान करना और जिला वीबीडी अधिकारी का मार्गदर्शन करना।

vii. विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य प्रशासन, एनजीओ, सीबीओ और निजी क्षेत्र (स्वास्थ्य और गैर–स्वास्थ्य) की सक्रिय भागीदारी करवाना।

viii. राज्य के लिए बीसीसी/आईईसी योजना के विकास में एसपीओ और विशेषज्ञ स्टाफ की सहायता करना।

ix. निदेशक, एनवीबीडीसीपी द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

x. परामर्शदाता (तकनीकी), निदेशक एनवीबीडीसीपी के समक्ष एक मासिक और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इन गतिविधि रिपोर्टों के आधार पर कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा।

**योग्यता और अनुभव**

न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस. उपाधि।

**वांछनीयः** निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा/सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/चिकित्सा/बाल रोग/एनेस्थीशिया/पीएमआर/क्रिटिकल गहन देखभाल विषयों में एमडी/एमपीएच/डीपीएच। राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर पर बाल रोग मामलों की क्रिटिकल और दिव्यांगों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव।

**नियुक्ति की प्रकृति**

आरंभ में नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा आधार पर (संतोषजनक प्रदर्शन के अध्यधीन) होगी और कार्य–निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाई जा सकती है।

**रिपोर्टिंग**
निदेशक एनवीबीडीसीपी, परामर्शदाता के समग्र प्रभारी होंगे।

**आयु**
35 वर्ष या उससे कम

**अनिवार्यः** बड़े पैमाने पर यात्रा करने का इच्छुक

**पारिश्रमिक**
75,000/– रुपए प्रति माह, 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ अधिकतम 1,00,000/– रुपए का प्रावधान के साथ प्रति माह बशर्ते समीक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट संतोषजनक हो। सरकार द्वारा अनुभव मूल्यांकन के आधार पर आरंभिक राशि नियत की जाएगी।

**छुट्टी**
10 दिनों की बीमारी छुट्टी प्रति वर्ष
20 दिनों की वार्षिक गैर–संचयी, गैर–नकदीकरणीय छुट्टी
मातृत्व अवकाशः 60 दिनों की आधा वेतन छुट्टी

**यात्राः**
सरकारी नियमानुसार यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता

**निकासी**
कोई भी पक्ष, किसी भी समय लिखित रूप में एक महीने की नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकते हैं।

**चयन**
राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), एनवीबीडीसीपी की वेबसाइटों में विज्ञापन प्रकाशित कर, सरकार की मौजूदा नीतियों के अनुरूप एनएचएसआरसी के माध्यम से चयन/नियुक्ति की जाएगी।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **13-Sep-2016** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।